

भारत सरकार

परिणाम बजट

2013 - 2014

जल संसाधन मंत्रालय

विषय सूची

अध्याय/पैरा सं.	विषय	पृष्ठ सं.
	कार्यकारी सार	1-3
I	मंत्रालय/विभाग के कार्यों, संगठनात्मक ढांचे के संबंध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पण, मंत्रालय/विभाग द्वारा क्रियान्वित किए गए प्रमुख कार्यक्रम/स्कीमों की सूची, इसका अधिदेश, लक्ष्य और नीतिगत ढांचा	4-10
II	परिव्ययों और परिणामों/लक्ष्यों का विवरण : वार्षिक योजना 2013-14	11-23
III	सुधारात्मक उपाय और नीतिगत प्रयास	24-26
IV	विगत निष्पादन की समीक्षा	27
V	समग्र वित्तीय समीक्षा	
	वित्त वर्ष 2012-13 में व्यय का रूझान	28-29
	बजट एक दृष्टि में	30-36
	उपयोग प्रमाण पत्र	37
VI	सांविधिक/स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्य निष्पादन की समीक्षा	
	सांविधिक निकाय :	
6.1.1-6.1.4	ब्रह्मपुत्र बोर्ड	38-39
6.2.1	रावी और व्यास जल अधिकरण	40
6.3.1	कावेरी जल विवाद अधिकरण	40
6.4.1-6.4.2	कृष्णा जल विवाद अधिकरण	41
6.5.1-6.5.2	वंसधारा जल विवाद अधिकरण	42
6.6.1	महादायी जल विवाद अधिकरण	43

	स्वायत्त निकाय (सोसाइटियां) :	
6.7.1-6.7.6	राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण	43-45
6.8.1-6.8.5	राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान	45-46
	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम:	
6.9.1-6.9.7	जल तथा विद्युत परामर्शी सेवाएं (भारत) लिमिटेड	47-49
6.10.1-6.10.5	राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड	49-50

अनुलग्नक

I	**2011-12** में निष्पादन	51-65
II	2012-13 में निष्पादन	66-94
III	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम और राष्ट्रीय परियोजना के विषय में सूचना	95-99
IV	XIवीं योजना परिव्यय की तुलना में जल संसाधन मंत्रालय के बजट का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण	100
V	XII वीं योजना परिव्यय की तुलना में वित्तीय वर्ष 2013-14 हेतु जल संसाधन मंत्रालय के बजट का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण	101

कार्यकारी सार

इस मंत्रालय का परिणाम बजट 2013-14 वित्त मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों में निहित व्यापक प्रारूप के अनुसार तैयार किया गया है । इस बजट में वित्त वर्ष 2011-12 में वास्तविक निष्पादन दर्शाते हुए वित्त बजट के वास्तविक पक्षों वित्त वर्ष 2012-2013 के प्रथम 9 माह तथा 2013-14 के दौरान लक्षित निष्पादन को रेखांकित किया गया है । इस बजट में मंत्रालय के विभिन्न पहलुओं को समाहित करते हुए निम्नलिखित अध्याय हैं :-

अध्याय

शामिल पहलू

I. यह मंत्रालय के कार्यों, संगठनात्मक ढांचा, आयोजना और नीतिगत ढांचे तथा मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे कार्यक्रमों/स्कीमों का संक्षिप्त परिचय देता है । संक्षेप में भारत सरकार में जल संसाधन मंत्रालय जल के एक राष्ट्रीय संसाधन के रूप में समग्र विकास, संरक्षण और प्रबंधन तथा विभिन्न जल प्रयोगों के समन्वय सहित इस संबंध में समग्र राष्ट्रीय परिदृश्य और समन्वय हेतु नीतिगत दिशानिर्देश तैयार करने के लिए जिम्मेदार है । केन्द्रीय मंत्री, राज्य मंत्री तथा सचिव के नियंत्रणाधीन मंत्रालय प्रशासन स्कन्ध, वित्त स्कन्ध और नौ विषयगत स्कन्धों के अंतर्गत गठित है । इस मंत्रालय के दो संबद्ध कार्यालय, सात अधीनस्थ कार्यालय, नौ सांविधिक निकाय, दो स्वायत्त निकाय (सोसायटीज) और दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं । ग्यारहवीं योजना अवधि के लिए इस मंत्रायल द्वारा कार्यान्वित/मॉनीटर किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों/स्कीमों के अंतर्गत गतिविधियों को 13 केन्द्रीय क्षेत्र, और 05 राज्य क्षेत्र स्कीमों (सीएडीएवंडब्ल्यूएम की एक केन्द्र प्रायोजित स्कीम 2008-09 से राज्य क्षेत्र में डाल दी गई है) में मिला दिया गया है ।

II. इसमें सारणीबद्ध प्रारूप है जिसे बजट प्राक्कलन के विवरण (एसबीई) के "ऊर्ध्वाधर संक्षेपण और क्षैतिज विस्तार" के रूप में देखा जा सकता है इसे व्यय बजट खंड II में शामिल किया गया है । इसका मुख्य उद्देश्य (वित्तीय) बजट 2013-2014 और परिणाम बजट 2013-2014 के बीच क्रमवार सामंजस्य स्थापित करना है । इस ब्यौरे में वित्तीय परिव्यय, प्रक्षेपित परिणाम और प्रक्षेपित/बजटीय परिणाम (मध्यम, आंशिक और अंतिम, जैसा भी मामला हो) शामिल हैं ।

III. इसमें मंत्रालय द्वारा किये गये सुधार उपाय और नीतिगत कार्यों तथा सार्वजनिक निजी भागीदारी, वैकल्पिक वितरण तंत्र, सामाजिक और लिंग सशक्तीकरण प्रक्रिया व्यापक विकेन्द्रीकरण, पारदर्शिता इत्यादि जैसे क्षेत्रों में अंतरवर्ती परिणाम और अंतिम परिणामों से किस तरह इन्हें जोड़ा जाये, का विवरण दिया गया है ।

IV. इसमें अंतर के कारणों से वास्तविक निष्पादन का स्कीमवार विश्लेषण; अलग-अलग कार्यक्रमों/स्कीमों के क्षेत्र और उद्देश्यों की व्याख्या, 2011-12 के दौरान तथा 2012-13 की तीसरी तिमाही तक वास्तविक लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्यौरा दर्शाया गया है ।

V. इसमें हाल के वर्षों में बजट अनुमानों और संशोधित अनुमानों की तुलना में व्यय की समग्र प्रवृत्तियों को समाहित करते हुए वित्तीय समीक्षा दी गई है । इस अध्याय में राज्यों और कार्यान्वयन अभिकरणों के पास बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्रों और खर्च न हुई बकाया राशि की स्थिति का ब्यौरा दिया गया है ।

VI. इस अध्याय में इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणधीन सांविधिक/स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निष्पादन की समीक्षा दी गई है ।

1. संघ मंत्रिमंडल द्वारा 6 अप्रैल, 2011 को राष्ट्रीय जल मिशन को दिये गए अनुमोदन की अनुपालना करते हुए एक मिशन सचिवालय की स्थापना की गई है । वर्तमान में विशेष सचिव, जल संसाधन मंत्रालय इसके मिशन निदेशक हैं और उनके निर्देशन में इसमें कार्य किया जा रहा है । राष्ट्रीय जल मिशन दस्तावेज में परिकल्पित आठ सलाहकार समूहों/समितियों का गठन किया गया है ।
2. जल संसाधन मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय केन्द्रीय जल आयोग मुख्य केन्द्रों पर जलवैज्ञानिक प्रेक्षणों से संबंधित विशिष्ट गतिविधियॉं, अभिज्ञात परियोजनाओ, विशेषत: पूर्वोत्तर क्षेत्र में, का सर्वेक्षण और अन्वेषण, जल संसाधन परियोजनाओं की आयोजना, डिजाइन और मूल्यांकन तथा बाढ़ पूर्वानुमान में राज्यों की सहायता करता है । केन्द्रीय जल आयोग अपने विभिन्न मानीटरिंग निदेशालयों और क्षेत्र संरचनाओं के माध्यम से चयनित चालू वृहद, मध्यम और विस्तार, पुनरूद्धार एवं आधुनिकीकरण (ईआरएम) सिंचाई परियोजनाओं की सामान्य मानीटरिंग करता है। आयोग, मुख्य रूप से त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) और कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन स्कीमों के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता प्राप्त कर रही वृहद, मध्यम और चुनिंदा लघु सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन की मानीटरिंग करता है । मानीटरिंग के एक भाग के रूप में सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों द्वारा नियमित आधार पर इन परियोजनाओं का दौरा किया जाता है । इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यकलापों की मानीटरिंग करने के लिए इस मंत्रालय के कमान क्षेत्र विकास स्कंध के अधिकारियों द्वारा कमान क्षेत्र विकास परियोजनाओं का भी दौरा किया जाता है ।
3. जल संसाधन मंत्रालय के एक अधीनस्थ कार्यालय, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के मुख्य कार्यकलापों में भू जल प्रबंधन अध्ययन, भूजल प्रबोधन, भूभौतिकी अध्ययन, अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग, कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन अध्ययन, दूर संवेदी अध्ययन, जल गुणवत्ता विश्लेषण, अल्पकालिक जल आपूर्ति, अन्वेषण, भूजल विकास का विनियमन, जन जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि शामिल हैं ।

4. मंत्रालय के अंतर्गत अन्य संगठन जैसे केन्द्रीय मृदा और सामग्री अनुसंधानशाला, केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधान केन्द्र, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान अन्य बातों के साथ-साथ जल संसाधन क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्यकलापों में जुटे हुए हैं । मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जल एवं विद्युत परामर्शी सेवाएं (भारत) लिमिटेड और नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड कार्य कर रहे हैं । रावी और ब्यास जल अधिकरण, कावेरी जल विवाद अधिकरण, कृष्णा जल विवाद अधिकरण, वंसधारा जिल विवाद अधिकरण और महादायी जल विवाद अधिकरण अंतर-राज्य जल विवादों का समाधन करने के लिए कार्य कर रहे हैं । ब्रह्मपुत्र बोर्ड जल संसाधनों के स्थायी विकास के लिए ब्रह्मपुत्र और बराक बेसिन में कार्य कर रहा है ताकि बाढ़ नियंत्रण और तटकटाव पर बल देते हुए अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके ।
5. संबंधित क्रियान्वयन अभिकरणों के साथ नियमित आवधिक व्यय समीक्षा बैठकों के माध्यम से मंत्रालय द्वारा विभिन्न केन्द्रीय क्षेत्र स्कीमों के संबंध में वित्तीय और वास्तविक प्रगति की मानीटरी की जाती है । राज्य क्षेत्र स्कीमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए राज्य के जल संसाधन/सिंचाई/बाढ़ नियंत्रण सचिवों के साथ बैठकें की जाती हैं ।

अध्याय-1

मंत्रालय/विभाग के कार्यों, संगठनात्मक ढाचे के संबंध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पण, मंत्रालय/विभाग द्वारा क्रियान्वित किए गए प्रमुख कार्यक्रम/स्कीमों की सूची, इसका अधिदेश, लक्ष्य और नीतिगत ढांचा

परिचय

1.1 जल संसाधन मंत्रालय, जल के विभिन्न उपयोग में समन्वय स्थापित करने के साथ ही राष्ट्रीय संसाधन के रूप में जल के पूर्ण विकास, संरक्षण और प्रबंधन, तथा इससे संबंधित संपूर्ण राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और समन्वय स्थापित करने के लिए उत्तरदायी है ।

1.2 कार्य नियमों के आबंटन के अनुसार इस मंत्रालय के कार्य इस प्रकार हैं ;

1) राष्ट्रीय संसाधन के रूप में जल का विकास, संरक्षण और प्रबंधन; जल के विविध उपयोगों के संबंध में जल आयोजना का समग्र राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तथा समन्वय ।
2) राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद ।
3) सामान्य नीति, तकनीकी सहायता, अनुसंधान और विकास प्रशिक्षण तथा बहुउद्देशीय, वृहद, मध्यम, लघु तथा आपातिक सिंचाई कार्यों सहित सिंचाई से संबंधित सभी मामले; नौवहन तथा जलविद्युत के लिए हाइड्रोलिक संरचाएं; नलकूप तथा भूजल अन्वेषण तथा दोहन; भूजल संसाधनों की सुरक्षा तथा परिरक्षण; सतही और भूजल का संयुक्त उपयोग, कृषि प्रयोजना के लिए सिंचाई, जल प्रबंधन, कमान क्षेत्र विकास; जलाशय एवं जलाशय अवसादन का प्रबंधन; बाढ़ (नियंत्रण) प्रबंधन, जल निकास, सूखारोधन; जल जमाव और समुद्र-तट कटाव समस्याएं; बांध सुरक्षा ।
4) अंतर्राज्जीय नदियों तथा नदी घाटियों का विनियमन और विकास । स्कीमों, नदी बोर्डों के माध्यम से अधिकरणों के पंचाटों का कार्यान्वयन ।
5) जल कानून, विधान
6) जल गुणवत्ता आकलन ।
7) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा (समूह क) का संवर्ग नियंत्रण एवं प्रबंधन ।
8) जल संसाधन विकास तथा प्रबंधन, जल निकास और बाढ़ नियंत्रण से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठन, आयोग तथा सम्मेलन ।
9) अंतर्राष्ट्रीय जल कानून
10) भारत तथा पड़ोसी देशों की साझी नदियों से संबंधित मामले, बांग्लादेश के साथ संयुक्त नदी आयोग, सिन्धु जल संधि 1960; स्थाई सिन्धु आयोग ।
11) जल संसाधन विकास के क्षेत्र में द्विपक्षीय तथा बाहा सहायता एवं सहयोग कार्यक्रम ।

1.3 मंत्रालय के उपर्युक्त कार्य इसके निम्न संगठनों/संस्थाओं द्वारा किए जाते हैं :

संबद्ध कार्यालय

1. केन्द्रीय जल आयोग
2. केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधानशाला

अधीनस्थ कार्यालय

1. केन्द्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केन्द्र
2. केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड
3. फरक्का बैराज परियोजना
4. गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग
5. बाण सागर नियंत्रण बोर्ड
6. सरदार सरोवर निर्माण सलाहकार समिति
7. ऊपरी यमुना नदी बोर्ड

सांविधिक निकाय

1. ब्रह्मपुत्र बोर्ड
2. बेतवा नदी बोर्ड
3. नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण
4. तुंगभद्रा बोर्ड
5. रावी और व्यास जल अधिकरण
6. कावेरी जल विवाद अधिकरण
7. कृष्णा जल विवाद अधिकरण
8. वंशधारा जल विवाद अधिकरण
9. महादायी जल विवाद अधिकरण

स्वायत्त निकाय (सोसाइटी)

1. राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण
2. राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

1. जल एवं विद्युत परामर्शी सेवा (भारत) लिमिटेड
2. राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड

1.4 यह मंत्रालय 2012-13 के दौरान 13 केन्द्रीय क्षेत्र, और 5 राज्य क्षेत्र स्कीमों का कार्यान्वयन और निगरानी कर रहा है । नीचे केन्द्रीय क्षेत्र स्कीमों का संक्षिप्त सिंहावलोकन दिया गया है :

1.4.1 जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास : इस स्कीम का उद्देश्य एक जल संसाधन प्रणाली का विकास करना और इसे शीघ्रतिशीघ्र प्रचालनात्मक बनाना है । जल संसाधनों का प्रबंधन एक अत्यधिक जटिल कार्य है जिसमें आंकड़ा प्राप्ति, अंकीय मॉडलिंग, इष्टतमीकरण, आंकड़ा वेयर हाउसिंग और सामाजिक-आर्थिक, पर्यावरणीय और विधिक मुद्दों सहित बहुविषयक क्षेत्र शामिल हैं । मानव जीवन में जल की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए जल प्रणालियों के बेहतर डिजाइन और अधिकतम उपयोग किए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में एक युक्तिसंगत विश्लेषण किया जाना चाहिए जो कि इस दृष्टिकोण पर आधारित हो कि सभी संबंधित कारणों और प्रभावों पर विचार किया जाए और विभिन्न विकल्पों का क्रमबद्ध मूल्यांकन किया जाए । जल संसाधन सूचना प्रणाली संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।

1.4.2 जल विज्ञान II परियोजना : 1995-2003 की अवधि के दौरान कार्यान्वित जल विज्ञान परियोजना, चरण-I (एच पी-I) का उद्देश्य जल वैज्ञानिक सूचना प्रणाली (एचआईएस) के विकास हेतु सांस्थानिक व्यवस्थाओं, तकनीकी क्षमताओं तथा सुविधाओं में सुधार करना था । एच पी-I के अनुवर्तन स्वरूप जल संसाधनों की आयोजना तथा प्रबंधन से संबंधित सार्वजनिक तथा निजी सभी संभावित प्रयोक्ताओं द्वारा एचआईएस के निरंतर एवं प्रभावी उपयोग का विस्तार एवं संवर्धन करने के उद्देश्य से जल विज्ञान परियोजना चरण-II (एच पी-II) आरंभ की गई है जिससे 13 राज्यों तथा 8 केन्द्रीय अभिकरणों में बढ़ी हुई उत्पादकता तथा लागत प्रभावी जल संबंधी निवेशों में वृद्धि हुई ।

1.4.3 जल संसाधन विकास स्कीम का अन्वेषण : इसमे दो संघटक उदाहरणार्थ "एनडब्ल्यूडीए द्वारा नदी संपर्क प्रस्तावों का अन्वेषण" तथा "सीडब्ल्यूसी द्वारा जल संसाधनों/बहु उद्देशीय स्कीमों का अन्वेषण" शामिल है । इस स्कीम का उद्देश्य सर्वेक्षण, क्षेत्र अन्वेषण, जल के अंतरबेसिन अंतरण संबंधी स्कीमों अंत: राज्य संपर्कों की व्यवहार्यता पूर्व/व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफआरएस) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआरएस) तैयार करने से संबंधित क्रियाकलापों को करना तथा उपरोक्त प्रयोजनों को प्राप्त करने के लिए

आकस्मिक, अनुपूरक अथवा प्रेरक माने जाने वाले अन्य अध्ययनों तथा क्रियाकलापों को करना ।

1.4.4 जल क्षेत्र के लिए अनुसंधान और विकास कार्यक्रम : इस स्कीम के उद्देश्य हैं- (i) देश की जल संसाधन संबंधी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान ढूंढ़ना और मौजूदा सुविधाओं की कुशलता में सुधार करने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी और अभियंत्रण विधियों में सुधार करना तथा प्रक्रियाओं, विशेषकर, अनुसंधान अध्ययनों को शुरू करना, (ii) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सामंजस्य बनाये रखने के लिए राष्ट्र स्तरीय प्रमुख संगठनों/संस्थाओं की अनुसंधान सुविधाओं का सृजन करना/उनका उन्नयन करना, और (iii) जल क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा शुरू किए जाने वाले अनुसंधान कार्य में सहायता करना।

1.4.5 राष्ट्रीय जल अकादमी : इस स्कीम में ऐसे क्रियाकलाप शामिल होंगे जो कि जल संसाधन विकास, विशेषकर एकीकृत नदी बेसिन आयोजना और प्रबंधन के क्षेत्र में राज्य और केन्द्रीय संगठनों में जल संसाधन पेशवरों के प्रशिक्षण से संबंधित हैं ।

1.4.6. सूचना, शिक्षा एवं संचार : विभिन्न जल संबंधी मुद्दों का समाधान करने के लिए एक समन्वित प्रयास पर उचित बल देते हुए एक संपूर्णतावादी दृष्टिकोण से जल संसाधन के विकास एवं प्रबंधन के महत्व के संबंध में विभिन्न लक्ष्य समूहों के बीच जागरूकता सृजित करने के उद्देश्य से XIवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कार्यान्वयन हेतु 83.00 करोड़ रूपये के परिव्यय से सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) स्कीम शुरू की गई है । स्कीम के उद्देश्य निम्नानुसार हैं :

I. देश के त्वरित, समान, आर्थिक विकास के लिए सभी पणधारियों के सक्रिय सहयोग से इस मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने हेतु देश के जल संसाधनों के इष्टतम स्थायी विकास, गुणवत्ता को बनाए रखने एवं कुशल उपयोग के संबंध में जागरूकता फैलाना ।
II. आपसी सहयोग और प्रबंधन में समग्र आयोजना एवं सहभागिता दृष्टिकोण अपनाने की अविलंब आवश्यकता के संबंध में जागरूकता सृजित करना ।
III. जल संरक्षण की आवश्यकता के संबंध में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना ।
IV. जल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और जल संसाधन के स्थायी विकास संबंधी मुद्दों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने, प्रलेखन एवं प्रसार पर जोर देते हुए राष्ट्रीय जल नीति के सिद्धांतों का प्रचार करना ।

V. जल की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकता को पूरा करने के लिए वर्षा जल संचयन एवं भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण हेतु उपाय अपनाने की आवश्यकता के संबंध में जागरूकता सृजित करना ।

VI. जागरूकता अवसंरचना विशेष तौर पर प्रचार तंत्र एवं सहयोग संरचना को सुदृढ़ बनाना ।

1.4.7. नदी बेसिन संगठन/प्राधिकरण : इस स्कीम का उद्देश्य बेसिन और सभी पणधारियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जल संसाधनों के विकास और उपयोग हेतु इष्टतम विधि का पता लगाने हेतु आवश्यक अध्ययन, मूल्यांकन इत्यादि शुरू करने के लिए सभी सह बेसिन राज्यों के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है ।

1.4.8 अवसंरचना विकास : इस स्कीम में भूमि और भवन तथा सूचना और प्रौद्योगिकी विकास से संबंधित क्रियाकलाप शामिल हैं तथा इसमें विशेष रूप से निम्न से संबंधित क्रियाकलाप शामिल होंगे, (i) केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड की भूमि और भवन और सूचना प्रौद्योगिकी योजना (ii) केन्द्रीय जल आयोग की भूमि और भवन, (iii) जल संसाधन मंत्रालय का सूचना प्रौद्योगिकी विकास योजना (iv) केन्द्रीय जल आयोग के कम्प्यूटरीकरण और सूचना प्रणाली का उन्नयन और आधुनिकीकरण ।

स्कीम का उद्देश्य कार्यालयों में बेहतर कार्य परिवेश उपलब्ध कराना, परिसम्पतियों का सृजन और मासिक किराये के भुगतान में बचत है । इसे प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्थलों पर कार्यालयों का निर्माण करने, फील्ड़ में कार्य करने वाले कार्मिकों के लिए कुटीर का प्रावधान, मंत्रालय (खास) और केन्द्रीय जल आयोग के लिए स्टाफ क्वार्टर के निर्माण और वर्तमान कार्यालयों के आधुनिकीकरण का प्रावधान इस स्कीम के कार्यक्षेत्र में शामिल किया गया है । इसका उद्देश्य वर्तमान छितराई हुई सूचना प्रणालियों को समेकित एवं कारगर बना कर एकदिशीय गत्यात्मक ई-गवर्नेंस पद्धति में लाना भी है ।

1.4.9 बांध सुरक्षा अध्ययन और आयोजना : इस स्कीम में बांध सुरक्षा संगठन के बांध सुरक्षा और अवसंरचना सुदृढ़ीकरण से संबंधित आवश्यक अध्ययन शुरू करने की योजना है। 2011 में विश्व बैंक की सहायता से बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना (डीआरआईपी), एक छह वर्षीय परियोजना आरंभ की गई । उक्त परियोजना 4 राज्यों, नामत: केन, मध्य प्रदेश, ओड़िशा और तमिलनाडु में कार्यान्वित की जाएगी । पुनर्वास और सुधार की यथेष्ट आवश्यकता वाले चार सहभागी राज्यों में लगभग 223 बड़े बांधों को उक्त परियोजना में शामिल किया जाएगा । सभी बड़े बांधों के सुरक्षित प्रचालन और अनुरक्षण हेतु उपयुक्त संस्थात्मक तंत्र का विकास इन राज्यों में भी आरंभ किया जाएगा । इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय जल आयोग में राष्ट्रीय स्तर की बांध सुरक्षा निगरानी और मार्गदर्शन के लिए

संस्थात्मक ढ़ांचे को सुदृढ़ किया जाएगा । डीआरवाईपी के परियोजना विकास लक्ष्य है : (i) चुनिंदा बांधों और संबद्ध उपाबंधों की सुरक्षा और निष्पादन में स्थायी रूप से सुधार करना तथा (ii) सहभागी राज्यों में तथा केन्द्रीय स्तर पर सहभागी राज्यों में बांध सुरक्षा संस्थागत ढ़ांचे को सुदृढ़ बनाना ।

1.4.10भूजल प्रबंधन एवं विनियमन :

- भूजल अन्वेषण
- भूजल संसाधन आकलन
- भूजल अवस्था की निगरानी
- कृत्रिम पुनर्भरण एवं वर्षा जल संचयन संबंधी अध्ययन
- अभिज्ञात जोर दिए जाने वाले क्षेत्रों में भूजल प्रबंधन अध्ययन
- भूभौतिकीय अध्ययन
- जल-रासायनिक अध्ययन
- भूजल विकास का विनियमन
- दूर संवेदी अध्ययन
- भूजल मॉडलिंग
- सतही एवं भूजल के संयुक्त उपयोग संबंधी अध्ययन
- अनुसंधान एवं विकास अध्ययन
- शिक्षा/ज्ञान का अंतरण आदि ।

1.4.11 राजीव गांधी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान : संस्थान भूजल और संबंधित पहलुओं के क्षेत्र में क्षमता निर्माण करने के लिए सीजीडब्ल्यूबी, केन्द्र/राज्य सरकार के संगठनों/अकादमिक संस्थानों आदि के प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी है ।

1.4.12 बाढ़ पूर्वानुमान : इस स्कीम का उद्देश्य भारत में बाढ़ पुर्वानुमान और अंतर्वाह पुर्वानुमान को सुदृढ़ करना और पूर्वानुमान सूचना प्रणाली को विकसित करना है ।

1.4.13 सीमावर्ती क्षेत्रों में नदी प्रबंधन क्रियाकलाप : यह नेपाल, भूटान, चीन और बांग्लादेश के साथ समान नदियों के संबंध में चालू नदी प्रबंधन कार्यकलापों को शामिल करती है । इसके अतिरिक्त XIवीं योजना अवधि के दौरान इस स्कीम के अंतर्गत कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित राज्यों को 100% केन्द्रीय सहायता उपलब्ध कराने हेतु सीमावर्ती क्षेत्रों में कुछ नए विकासात्मक कार्यों की परिकल्पना की गई है ।

इस स्कीम के अंतर्गत XIवीं योजना अवधि के दौरान (i) भारत-नेपाल सीमा पर महाकाली नदी पर प्रस्तावित पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना (पीएमपी) की विस्तृत

परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप देने (ii) नेपाल में बराह क्षेत्र पर कोसी उच्च बांध परियोजना के सर्वेक्षण एवं अन्वेषण (iii) राप्ती नदी पर नौमुरे भंडारण परियोजना (नेपाल) के विस्तृत अन्वेषण (iv) नेपाल, भूटान, चीन और बांग्लदेश के साथ साझी नदियों पर जलवैज्ञानिक प्रेक्षण (v) नेपाल के क्षेत्र में कोसी और गंडक बराजों के बाढ़ सुरक्षा कार्यों के अनुरक्षण (vi) गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की स्थापना लागत और (vii) पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर राज्यों द्वारा प्रस्तावित बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ साझी/सीमावर्ती नदियों के नए नदी तट पर सुरक्षा कार्य शुरू किए गए हैं ।

इसके अतिरिक्त ब्रह्मपुत्र बोर्ड, गुवाहाटी को माजुली द्वीप की नदी कटाव से सुरक्षा सहित ब्रह्मपुत्र एवं बराक बेसिन में गंभीर खंडों में अति आवश्यक बाढ़ सुरक्षा कार्यों के साथ-साथ स्थापना लागत के लिए अनुदान सहायता दी जाती है ।

बांग्लादेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ पश्चिम बंगाल में महानंदा नदी पर तीन तट सुरक्षा/बाढ़ नियंत्रण कार्य पूरे कर लिए गए हैं । पश्चिम बंगाल में 10 तट सुरक्षा कार्य और त्रिपुरा में 2 तट सुरक्षा कार्य पूरे होने के विभिन्न चरणों में हैं । इसके अतिरिक्त त्रिपुरा सरकार को बांग्लादेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ-साथ तीन और तट सुरक्षा कार्य शुरू करने के लिए केन्द्रीय सहायता जारी की गई है ।

1.4.14 फरक्का बैराज परियोजना : फरक्का बैराज परियोजना का मुख्य उद्देश्य बैराज की सुरक्षा के लिए कटावरोधी उपायों सहित फरक्का बैराज और संबंधित संरचनाओं का प्रचालन और रखरखाव है।

अध्याय- II
परिणाम बजट 2013-14
परिव्यय और परिणाम /लक्ष्य वार्षिक योजना 2013-14 का विवरण

(करोड़ रूपये)

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्दगियां/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास (डीडब्ल्यूआरआईएस)		150.00				
	जलवैज्ञानिक टिप्पिणयां एवं निगरानी प्रणाली						
	मौजूदा एचओ स्टेशनों का उन्नयन और नए एचओ स्थलों की स्थापना करना	बर्फ पिघलने की रन ऑफ मानीटरिंग, प्रयोक्ताओं को प्रेक्षित आंकड़ों मॉनीटरी, संकलन तथा प्रसार सहित सभी प्रमुख नदियों के संबंध में हाइड्रोलॉजीकल सूचना प्रणाली, स्थलों का उन्नयन, नये स्थलों को खोलना और जल गुणवत्ता प्रयोगशाला का उन्नयन		जलविज्ञानीय वर्ष पुस्तक, सिल्ट वर्ष पुस्तक, जलविज्ञानीय सूचना प्रणाली, स्थलों का उन्नयन, नए स्थलों को खोलना और जल गुणवत्ता प्रयोगशाला उन्नयन ।	आंकड़ों को रिपोर्ट/पुस्तकों को प्रकाशित रूप में उपलब्ध कराया जाता है ।	प्रतिदिन/प्रतिदिन दस/मासिक/ वार्षिक/आवधिक	
	देश में बड़े जलाशयों के संबंध में भंडारण आंकड़ों का संग्रह	उन 120 जलाशयों का जलाशय जल स्तर संग्रह करना, जिसका साझा भंडारण टेलीमेट्री प्रणाली द्वारा सीडब्ल्यूसी द्वारा मॉनीटर करने का प्रस्ताव है ।		87 जलाशयों के संबंध में टेलीमेट्री प्रणाली का संस्थापन	87 जलाशयों में टेलीमेट्री प्रणाली का संस्थापना	87 जलाशयों में टेलीमेट्री प्रणाली की संस्थापना की जाएगी।	87 जलाशयों में 84 जलाशय शामिल है, जिनके सक्रिय भंडारण को सीडब्ल्यूसी द्वारा मॉनीटर किया जा रहा है तथा 3 नए जलाशय ।
	तटीय प्रबंधन सूचना प्रणाली का विकास (सीएमआईएस)	i) डेटा संग्रह और प्रलेखन सहित कटाव तलछट परिवहन / तलछट प्रकोष्ठ को परिभाषित करना/तलछट बजट इत्यादि के कारणों का निर्धारण ii) ज्वारीय गेज और डेटा संग्रह की संस्थापना iii) कमी वाले क्षेत्रों में तरंग, करेंट, बाथेमंट्री इत्यादि जैसे पैरामीटर का डाटा संग्रहण iv) डब्ल्यूआरआईएस में तटीय आंकड़ों का संग्रह, विश्लेषण, प्रक्रियान्वयन तथा एकीकरण v) सीपीडीएसी/इसकी उपसमितियों, क्षेत्रीय दौरों, प्रशिक्षण/ अध्ययन दौरों, प्रौद्योगिकी अंतरण को सुदृढ़ बनाना और तटीय कटाव निदेशालय को एक उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में सुदृढ़ बनाना, मैनुअल, दिशानिर्देश तैयारकरना, कार्यशाला, संगोष्ठी इत्याद आयोजित करना		i) 2 स्थल ii) 1 स्थल iii) 2 स्थल iv) चालू प्रक्रिया v) चालू प्रक्रिया	टाइडल, गॉज डाटा संग्रह की संस्थापना, डब्ल्यूआरआईएच में तटीय आंकड़ों का एकीकरण	लगातार कार्यकलाप	

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्दगियां/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
	सिंचाई गणना						
	लघु सिंचाई सांख्यिकी का युक्तिकरण (आरएमआईएस)	संदर्भ वर्ष 2011-12 के साथ पांचवी लघु सिंचाई गणना आयोजित करना		1.) राज्यों में अगली लघु सिंचाई गणना के लिए नई प्रणाली आरंभ करने हेतु अखिल भारतीय कार्यशाला आयोजित करना	गणना के लिए तैयारी हेतु अगली लघु सिंचाई गणना के लिए अखिल भारतीय कार्यशाला आयोजित करना और केन्द्रीय स्तर पर अतिरिक्त कर्मचारियों को किराए पर लेना ।	2/28/2013	
				2.) आऊटसोर्सिंग के माध्यम से एमआई गणना आयोजित करने के लिए केन्द्रीय एजेंसी का चयन	क्षेत्रीय कार्य और पर्यवेक्षण पूरे वर्ष जारी रहेगा ।	4/30/2013	
				3.) अनुसूची को अंतिम रूप देने/दिशानिर्देशों और संबंधित साफ्टवेयर, क्षेत्रीय एजेंसी का चयन जैसे एमआई गणना कार्य के लिए अन्य तैयारी संबंधी कार्य		8/30/2013	
				4.) बेहतर पर्यवेक्षण तथा पांचवी एमआई गणना की निगरानी के लिए केन्द्रीय स्तर पर अतिरिक्त कर्मचारियों को भाड़े पर लेना		8/31/2013	
				5.) क्षेत्रीय एजेंसियों को प्रशिक्षण		3/31/2014	
	मुख्य गणना/बृहत और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का सर्वेक्षण	कृषि योग्य कमान क्षेत्र तथा उनकी भौगोलिक सीमा, मौसम के आधार पर सिंचित क्षेत्र, सृजित सिंचाई क्षमता और प्रयुक्त (आईपीसी और आईपीयू), फसल प्रणाली, अन्य परियोजना संबंधित जानकारी को आऊटसोर्सिंग के माध्यम से एकत्र करना ।		आऊटसोर्सिंग के माध्यम से पायलट सर्वेक्षण करने के लिए प्रक्रिया आरंभ करना	आऊटसोर्सिंग के माध्यम से पायलट सर्वेक्षण किया जाएगा	मार्च, 2014 तक पायलट सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया जाएगा ।	
	जल गुणवत्ता मूल्यांकन और निगरानी प्राधिकरण प्रणाली	डब्ल्यूक्यूएए से जल गुणवत्ता मॉनीटरिंग के लिए विधियों का मानकीकरण करने तथा आंकड़े तैयार करने के लिए गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विविध एजेंसियों को निर्देश देने, नामोद्दिष्ट सर्वोत्तम उपयोग को पूर्ण करने के लिए नदी/जल निकायों की जल-गुणवत्ता की पुनर्बहाली के विचार से अपशिष्ट जल के उपयुक्त उपचार को सुनिश्चित करने; जल गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में शोध और विकास कार्यकलापों को आरंभ करने; पुन:चक्रण को संवर्धित करने, कृषि के विकास में उपचारित सीवेज/ व्यापार अपशिष्ट के पुन: उपयोग, जल निकायों में गुणवत्ता सुधार के लिए कार्य योजना तैयार करने, नदी प्रणाली में जलचर जीवन-रूपों को बनाए रखने के लिए न्यूनतम जल आपूर्ति को बनाए रखने ; उपचार की लागत को न्यूनतम करने के लिए क्रिटिकल नदी स्ट्रेचों की जल भंडारण की क्षमता का उपयोग करने, राष्ट्रीय जल संसाधनों (सतही जल और भूजल दोनों, जियो-जैविक पहल को छोड़कर) की गुणवत्ता के स्तर की समीक्षा करने और आवश्यक कदम उठाने के लिए 'हॉट स्पॉट' को पहचानने का अधिदेश है ।		डब्ल्यूक्यूएए के अधिकांश कार्यकलाप लगातार प्रकृति के हैं और पूरे वर्ष इन्हें नियमित रूप से किया जाता है । डब्ल्यूक्यूएए द्वारा किए जाने वाले कुछ परिमाणात्मक कार्यकलाप इस प्रकार हैं: 1. आर एवं डी अध्ययन - 4 2. प्रशिक्षण कार्यक्रम-6 3. जल गुणवत्ता मुद्दों के संबंध में विभिन्न रिपोर्ट तैयार करना – 4 4. डब्ल्यूक्यूएए बैठकों का आयोजन – 2	डब्ल्यूक्यूएए के अधिकांश कार्यकलाप लगातार प्रकृति के हैं और पूरे वर्ष इन्हें नियमित रूप से किया जाता है । आर एवं डी अध्ययन - 4, प्रशिक्षण कार्यक्रम-6, जल गुणवत्ता मुद्दों के संबंध में विभिन्न रिपोर्ट तैयार करना – 4, डब्ल्यूक्यूएए बैठकों का आयोजन – 2 किया जाएगा		

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्दगियां/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
	केन्द्रीय जल आयोग में मानीटरिंग इकाई को सुदृढ़ बनाना	क्षेत्रीय दौरे करके बृहत, मध्यम परियोजनाओं का मानीटर करना और उनकी कार्यान्वयन स्थिति रिपोर्ट तैयार करना तथा केन्द्रीय जल आयोग की मानीटरिंग इकाईयों को सुदृढ़ बनाना		i) एआईबीपी के अंतर्गत बृहद और मध्यम परियोजनाओं की आनलाइन मानीटरिंग इनहाऊस क्षमता का विकास करके की जाती है । III) सभी बृहत और मध्यम परियोजनाओं का मानीटरिंग किया जाता है ।	i. परियोजना प्राधिकरणों द्वारा रिपोर्ट किए गए क्षमता सृजन का मूल्यांकन और उसे केन्द्रीय जल आयोग के अधिकारियों द्वारा इनहाऊस क्षमता का विकास करके मूल्यांकित किया जाता है । (26-29 दिसम्बर, 2012 के दौरान केन्द्रीय जल आयोग के अधिकारियों के प्रशिक्षण का प्रथम बैच एनआरसी, हैदराबाद में पूरा हो चुका है ।) ii. केन्द्रीय जल आयोग मानीटरिंग दलों के माध्यम से नियमित निगरानी के द्वारा परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करना तथा अतिरिक्त क्षमता का सृजन	कार्यकलाप पूरे वर्ष जारी रहेंगे ।	
	आंकड़ा बैंक और सूचना प्रणाली						
	वेब-आधारित जल संसाधन सूचना प्रणाली और नेशनल वाटर इनफारमेटिक सैंटर स्थापित करना	वाटरशेड एटलस का सृजन तथा 1:50000 नाप पर देश में वेब-आधारित जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास		डब्ल्यूआरआईएस के चौथे रूप की स्थापना की जाएगी ।	डब्ल्यूआरआईएस के चौथे रूप की स्थापना की जाएगी ।	दिसम्बर, 2013 तक संभावित	
	सीडब्ल्यूसी में पुस्तकालय सूचना ब्यूरो का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण	सीडब्ल्यूसी के पुस्तकालय का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण		सीडब्ल्यूसी के पुस्तकालय का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण	सीडब्ल्यूसी के पुस्तकालय का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण	जारी कार्यकलाप	
	सीडब्ल्यूसी में साफ्टवेयर प्रबंधन	i) ई-गवर्नेंस क्षमताओं की वृद्धि करना, ii) हार्डवेयर, साफ्टवेयर और नेटवर्क संसाधनों का उन्नयन और सुदृढ़ीकरण iii) सीडब्ल्यूसी वेबसाइट का सुधार iv) प्रशिक्षण के माध्यम से सीडब्ल्यूसी में आईटी ज्ञान आधार का निर्माण v) एसएम निदेशालय को सुदृढ़ बनाना		i) डाटा केन्द्र की स्थापना ii) इंजीनियरिंग ड्राइंगों का डिजीटीकरण iii) आपदा रिकवरी स्थल की स्थापना iv)लैपटॉप, प्रिंटर प्राप्त करना vi) एफईएम साफ्टवेयर की संस्थापना vii) कंप्यूटर और प्रिंटरों का उन्नयन viii) आईपीवी6 प्लेटफार्म के संबंध में वेबसाइट विकास ix) एलएएन सुविधा का विस्तार x) हार्डवेयर और साफ्टवेयर के लिए एएमसी xi) ई-प्रापण का कार्यान्वयन xii) सीडब्ल्यूसी की स्टाफ की सेवा पुस्तिका का डिजीटीकरण xiii) पुस्तकालय सूचना साफ्टवेयर की संस्थापना xiv)डीबीएमएस साफ्टवेयर की स्थापना xv) उपभोज्य वस्तुओं को प्राप्त करना xvi) माइक्रोसाफ्ट ऑफिस की स्थापना xvii) सक्रिय निदेशिका की स्थापना	डाटा केन्द्र की स्थापन, इंजीनियरिंग ड्राइंगों का डिजटीकरण, आपदा रिकवरी स्थल की स्थापना, एफईएम साफ्टवेयर की स्थापना जैसी आईटी सेवाएं आरंभ की जाएगी ।	तीसरी तिमाही तीसरी तिमाही तीसरी तिमाही दूसरी तिमाही पहली तिमाही दूसरी तिमाही दूसरी तिमाही चालू कार्यकलाप चालू कार्यकलाप पहली तिमाही दूसरी तिमाही तीसरी तिमाही चौथी तिमाही चालू कार्यकलाप	Budget allocated in Sept., 2012

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सूपुर्दगिया/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
2	बाढ़ पूर्वानुमान	स्थानीय प्रशासन को 175 केन्द्रों पर समय पर बाढ़ पूर्वानुमान उपलब्ध कराने के लिए 20 नदी बेसिनों को शामिल करते हुए केन्द्रीय जल आयोग द्वारा देश में जल विज्ञानीय प्रेक्षण स्थलों के नेटवर्क का अनुरक्षण करना और अन्य क्षेत्रों में बाढ़ पूर्वानुमान का विस्तार करना ।	150.00	रीयल टाइम डाटा का संग्रह, इसका विश्लेषण और बाढ़ पूर्वानुमान जारी करना। लगभग 6000 पूर्वानुमान जारी किए जाते हैं ।	बाढ़ से होने वाली क्षति को कम करने के लिए आयोजना गतिविधियों में मदद करने की दृष्टि से आने वाली बाढ़ की अग्रिम चेतावनी।	कार्य को वर्ष के दौरान केंद्रीय जल आयोग द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा।	उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के गंगा बेसिन राज्यों के लगभग 200000 वर्ग मीटर के लिए एसओआई द्वारा डेमो तैयार करने, संचार का आधुनिकीकरण करने का प्रस्ताव वार्षिक योजना में किया गया है ।
3	जलविज्ञान परियोजना	13 राज्यों और 8 केंद्रीय अभिकरणों में जल संसाधन आयोजना और प्रबंधन से संबंधित सभी कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा जल वैज्ञानिक सूचना प्रणाली के स्थायी और प्रभावी उपयोग को बढ़ाना और प्रोत्साहित करना।	70.00	परियोजना घटकों का कार्यान्वयन जैसे संस्थागत सुदृढ़ीकरण, वर्टिकल एक्सटेंशन (डीएसएस-योजना, डीएसएस-रीयल टाइम, जल विज्ञानीय डिजाइन सहायता सामग्री और 10 उद्देश्य प्रयोजन उन्नमुख अध्ययन सहित) तथा 4 बड़ी परामर्शी संस्थाओं की सहायता से हॉरीजेंटल एक्सटेंशन । 6 बड़े अध्ययन क्षेत्रों में जलभृत्त मानचित्रीकरण	• कार्यान्वयन एजेंसियों में आदान-प्रदान के लिए सुधरी हुई डाटा पहुंच क्षमता • जल संसाधन और प्रबंधन के लिए सुधरे हुए उपकरण •बाढ़ और सूखे के प्रबंधन के लिए सुधरी हुई आंकड़ा प्रणाली	मई, 2014 के अंत तक केन्द्रीय एजेंसियों जैसे पीसीएस (एमओडब्ल्यूआर), बीबीएमबी, सीडब्ल्यूसी, सीजीडब्ल्यूबी, सीडब्ल्यूपीआरएस, सीपीसीबी, आईएमडी और एनआईएच के माध्यम से नियोजित कार्यकलापों का कार्यान्वयन किया जाएगा।	
4	भूजल प्रबंधन एवं विनियमन	क. जलभृत्त की प्रकृति तथा उसकी विशेषताओं का पता लगाने के लिए जलभृत्त मानचित्रण	275.00	यथानुसार		एक वर्ष	
		i. मानचित्रों 7 डाटासिटों को प्राप्त करना		5.0 लाख वर्ग कि.मी.	जलभृत्त मानचित्रण के लिए आधार मानचित्र हेतु इनपुट प्राप्त किया जाएगा	एक वर्ष	
		ii. डाटा संकलन		6.25 लाख वर्ग कि.मी.	संकलित आंकड़ों से विषय आधारित मानचित्र बनाये जाएंगे	एक वर्ष	
		iii. डाटा अंतराल विश्लेषण		6.25 लाख वर्ग कि.मी.	जलभृत्त मानचित्रण के लिए डाटा तैयार करने की मात्रा	एक वर्ष	
		iv. डाटा निर्माण		0.54 लाख वर्ग कि.मी.	जलभृत्तवार भूजल प्रबंधन के लिए सही जलभृत्त मानचित्र	एक वर्ष	
		जलभृत्त मानचित्र के लिए भूजल जांच		800 कुएं	उपसतही जलभृत्त स्थिति और उनके हाइड्रोलिक पैरामीटर	एक वर्ष	
		जलभृत्त मानचित्रण के लिए भूभौतिकीय अध्ययन		वीईएस-2000 बोरहोल लॉगिंग-आवश्यकता आधारित	उपसतही जलभृत्त ज्यामिति का अंतरबेसन	एक वर्ष	
		जलभृत्त मानचित्रण के लिए हाइड्रो रासायनिक अध्ययन		20000 नमूने	पेय और अन्य उपयोगों के लिए जलभृत्तों की भूजल की गुणवत्ता को निर्धारित किया जाएगा ।	एक वर्ष	
		ख. हाइड्रोग्राफ नेटवर्क प्रेक्षण कुओं को मानीटर करना और सुदृढ़ करना		वर्ष में मौजूदा चार बार और अतिरिक्त 7000	भूजल क्षेत्र का निर्धारण और देश की लंबी अवधि की प्रवृत्तियों को तैयार किया जाएगा।	एक वर्ष	
		ग. पेयजल का स्रोत पता लगाने के लिए राज्य और केन्द्र सरकार को तकनीकी सहायता		अनुरोध के आधार पर आवश्यकता आधारित	संबंधित संगठन उनकी जल आपूर्ति की जरूरतों के लिए और अधिक भूजल का उपयोग करेंगे ।	एक वर्ष	

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्दगियां/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
		घ. भूजल संसाधन आकलन		गत्यात्मक भूजल संसाधन आकलन (31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार)	पेयजल की उपलब्धता के परिमाणीकरण और विकास के स्तर का आकलन किया जाएगा तथा ओई/ गंभीर क्षेत्रों के श्रेणीकरण को अद्यतन किया जाएगा ।	एक वर्ष	
		ड..रिपोर्ट, वैज्ञानिक की सूचना के प्रसार के लिए मानचित्र तैयार करना					
		राज्य की रिपोर्ट		17	राज्य के भूजल परिदृश्य के विषय में बताया जाएगा	एक वर्ष	
		भूजल वर्ष पुस्तक		23	दावाधारकों के लिए सूचना के प्रसार हेतु भूजल आंकड़ों को उपलब्ध कराया जाएगा।	एक वर्ष	
		च. भूजल प्राधिकरण द्वारा भूजल विकास का विनियमन		162 अधिसूचित क्षेत्रों में भूजल का विनियमन	भूजल के अतिदोहन का नियंत्रण किया जाएगा ।	एक वर्ष	
		छ. प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिए मशीनरी और उपस्कर प्राप्त करना		कालीन और उपस्कर प्राप्त करना	सुधरे हुए और सही आंकड़े उपलब्ध होंगे	एक वर्ष	
5	जल क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम	स्कीम का उद्देश्य देश की जल संसाधन से संबंधित समस्याओं का व्यावहारिक समाधान निकालना और उपलब्ध प्रौद्योगिकी इंजीनियरी प्रणालियों, प्रक्रियाओं में सुधार करना और शोध सुविधाओं का सृजन/उन्नयन करना, जल संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत प्रमुख संगठनों के शोध संस्थानों की बैंचमार्किंग करना है ।	50.00	वास्तविक/गणितीय/मॉडल/डेस्क अध्ययन पूरा करना =165 तकनीकी रिपोर्ट तैयार करना = 218 शोधपत्र प्रकाशित करना =260 दिशानिर्देश/मैनुअल तैयार करना =6 कार्यशाला/सेमिनार/सिम्पोजिया/प्रशिक्षण आयोजित करना = 33 कार्मिकों का प्रशिक्षण = 240	वास्तविक/गणितीय/मॉडल/डेस्क अध्ययन पूरा करना =165 तकनीकी रिपोर्ट तैयार करना = 218 शोधपत्र प्रकाशित करना =260 दिशानिर्देश/मैनुअल तैयार करना =6 कार्यशाला/सेमिनार/सिम्पोजिया/प्रशिक्षण आयोजित करना = 33 कार्मिकों का प्रशिक्षण = 240	यह कार्य मंत्रालय के विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यान्वित किया जाना है ।	
6	मानव संसाधन विकास/क्षमता निर्माण		94.00				
(क)	एचआरडी/सीबी स्कीम की सूचना, शिक्षा और संचार घटक	जल के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में लोगों के बीच जानकारी सृजित करना	40.00	i) चित्रकला प्रतियोगिता ii) जल संरक्षण पर जनजागरूकता के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अभियान iii) प्रिंट मीडिया अभियान iv) कार्यशाला/संगोष्ठी /सम्मेलन v) मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लेना	(i) इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, बाह्य कार्यकलाप इत्यादि को शामिल करने वाली अनुमोदित मीडिया योजना का कार्यान्वयन । जिसे व्यावसायिक मीडिया एजेंसी/परामर्शदाताओं द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा (ii) जल संरक्षण वर्ष 2013 मनाना । (iii) देश के 35 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र में विद्यालयों, राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन । (iv) दूरदर्शन के माध्यम से प्रचार। जल संरक्षण पर श्रव्य/दृश्य स्पॉट का प्रसारण करके आकाशवाणी और निजी टीवी और रेडियो चैनलों के माध्यम से प्रचार। (v) सीजीडब्ल्यूबी और सीडब्ल्यूसी के माध्यम से देश के विभिन्न भागों में आयोजित विविध जन जागरूकता कार्यक्रम और जल प्रबंधन	चालू कार्यकलाप	

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
					(vi) जल चक्र/जल से संबंधित पहलुओं के संबंध में सक्रिय वर्किंग मॉडल और डायोरामा, पोस्टरों, बैनर, बैकलिट ट्रांसलाइटों, पैम्फलेटों का वितरण, पुस्तक, जल परिक्षण किटों, प्रमाणपत्र का वितरण, बच्चों को फ्रीबी का वितरण, पैंटोमाइन/क्वीजों इत्यादि का प्रदर्शन करके दिल्ली में आईआईटीएफ का आयोजन करना । (vii) भारत जल सप्ताह-2013 मनाना । (viii) सममेलन/कार्यशाला/जन जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स/प्रसिद्ध संगठनों को सहायता अनुदान/वित्तीय सहायता ।		
(ख)	राष्ट्रीय जल अकादमी	सेवारत इंजीनियरों/इंडक्शन इंजीनियर्रो को जल संसाधन योजना विकास और प्रबंध अवसंरचना विकास में प्रशिक्षण	5.00	क) 32 प्रशिक्षण कार्यक्रम	क) 32 प्रशिक्षण कार्यक्रमों मार्च, 2014 तक पूरा किया जाएगा ।	(क) प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे वर्ष में होंगे और अनुमोदित कैलेंडर के अनुसार आयोजित किये जाएंगे	लक्ष्यों को प्राप्त करना रिक्त पदों को भरे जाने पर निर्भर करता है ।
(ग)	राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण संस्थान	सीजीडब्ल्यूबी तथा अन्य केन्द्रीय/राज्य सरकार के संगठनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भूमि जल पहलुओं के संबंध में	9.00	32 प्रशिक्षण कार्यक्रम टायर-II-36 टायर-III आउटसोर्सिंग द्वारा-100	भूमि जल अन्वेषण, विकास तथा प्रबंधन तकनीकों और प्रशासनिक मामलों व प्रबंधन पहलुओं के विषय में पेशेवरों एवं उप-पेशेवरों का क्षमता निर्माण	एक वर्ष	
(घ)	क्षमता निर्माण कार्यक्रम		40.00				
	प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन	क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठियां/किसानों की कार्यशालाएं/ कार्यकर्त्ता और परीक्षित प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन		200 कार्यक्रम	उनको नवीनतम विकास से परीचित कराना है ।	प्रगति, डब्ल्यूएएलएमआईएस के प्रशिक्षण कार्य आरंभ करने पर निर्भर करेगी ।	ईएफसी स्कीम अभी अनुमोदित नहीं हुई है ।
	डब्ल्यूएएलएमएस/आईएमटीआईएस को सुदृढ़ बनाना	डब्ल्यूएएलएमएस/आईएमटीआईएस की अवसंरचना 14 की मरम्मत/नवीकरण/उन्नयन /आधुनिकीकरण		14 संस्थानों में से प्रत्येक को एकमुश्त वित्तीय सहायता किस्तों में प्रदान की जाएगी और प्रत्येक किस्त को समझौते ज्ञापन के अनुसार सुपुर्दगी योग्य निष्पादन संकेटकों से संबद्ध किया जाएगा।	अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना	राज्य सरकार उनके हिस्से का अंशदान उपलब्ध करा रही है।	
	एनईआरआईडब्ल्यूएएलएम	एनईआरआईडब्ल्यूएएलएम के संस्थाओं का संचालन और रखरखाव		एनईआरआईडब्ल्यूएएलएम, जो देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक डब्ल्यूएएलएमआई है, 1 अप्रैल, 2012 से जल संसाधन मंत्रालय से डीओएनईआर मंत्रालय को स्थानान्तरित कर दिया गया है ।	मौजूदा प्रशिक्षण संस्थानों को जारी रखा गया है ।	प्रशिक्षण और परियोजना कार्य प्रारंभ किया गया है ।	

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्दगियां/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
7	अवसंरचना विकास	भूमि और भवन (सीडब्ल्यूसी) और मंत्रालय खास-जल संसाधन परियोजनाओं के कार्य के आंकड़ा संग्रहण, योजना और जांच में लगे हुए कर्मचारियों के लिए अच्छी सम्मानीय बेहतर और स्वस्थ्य कार्य करने की परिस्थितियां को उपलब्ध कराना, विभिन्न जल संसाधन परियोजनाओं की मानीटरिंग और बाढ़ पूर्वानुमान कार्य करना ।	50.00	भूमि का अधिग्रहण और पूरे भारत में विभिन्न स्थलों पर सीडब्ल्यूसी के लिए गैर आवासीय और आवासीय भवनों का निर्माण, सेवा भवन, नई दिल्ली में सीडब्ल्यूसी मुख्यालय का आधुनिकीकरण, हैदराबाद में राष्ट्रीय जल प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना ।	निजी आवासों पर निर्भरता को कम करना जिन्हें प्राप्त करना कठिन है और इस प्रकार निजी तौर पर किराए पर लिये गए आवास से संबंधित मुकदमेबाजी में कमी आएगी ।	अधिकांश कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है ।	
		सीजीडब्ल्यूबी (आईटी) - • एनआईसी के सहयोग से सीजीडब्ल्यूबी में ई-गवर्नेंस के लिए वेब-आधारित वर्क फ्लों एप्लीकेशनों का विकास और संबंधित हार्डवेयर, साफ्टवेयर तथा सहायक सामग्री प्राप्त करना ।		सबद्ध हार्डवेयर, साफ्टवेयर तथा सहायक सामग्री के उपयोग के साथ सीजीडब्ल्यूबी के सभी कर्मचारियों के उपयोग के लिए प्रभावी वेब आधारित वर्क फ्लों एप्लीकेशनों का विकास करना ।	सीजीडब्ल्यूबी के सभी कार्यालयों में ई-गवर्नेंस कार्यकलापों के लिए वर्क फ्लों एप्लीकेशनों के डिजाइन और विकास के लिए साफ्टवेयर आवश्यकता विनिर्दिष्टियां (एसआरएस) दस्तावेज तैयार किए जाएंगे ।	2013-14 और 2014-15 के दौरान विकास और उपयोग किया जाएगा ।	
		सीजीडब्ल्यूबी (भूमि और भवन) - अपना कार्यालय भवन स्थापित करना		गुवाहाटी में सीजीडब्ल्यूबी की भूमि पर कार्यशाला और स्टोर सहित क्षेत्रीय और प्रभागीय कार्यालय । बंगलोर में डिवीजनल स्टोर तथा कार्यशाला । सीजीडब्ल्यूबी, भुवनेश्वर के कर्मचारियों के लिए स्टॉफ क्वार्टर/भोपाल में सीजीडब्ल्यूबी डिवी.- XII के लिए कार्यालय स्टोर और कार्यशाला। अंबाला में डिवीजनल कार्यालय कार्यशाला और स्टोर । जम्मू में क्षेत्रीय और डिवीजनल के लिए बाउंडरी वाल, कार्यशाला और स्टोर के लिए भवन का निर्माण । जम्मू में क्षेत्रीय और डिवीजनल के लिए बाउंडरी वाल, कार्यशाला और स्टोर के लिए भवन का निर्माण । देहरादून में भूमि का अधिग्रहण और सीजीडब्ल्यूबी, उत्तरांचल क्षेत्र देहरादून में सीजीडब्ल्यूबी, उत्तरांचल क्षेत्र में भूमि का अधिग्रहण और कार्यालय भवन का निर्माण, चैन्नई डिवीजनल कार्यालय में डिवीजनल कार्यशाला और स्टोर। जोधपुर में कार्यशाला और स्टोर। अहमदाबाद में कार्यशाला और स्टोर, धर्मशाला में कार्यशाला और स्टोर सहित क्षेत्रीय डिवीजनल कार्यालय। रांची (झारखंड) में डिवीजनल कार्यशाला के लिए भवन का निर्माण ।	निजी आवासों पर निर्भरता को कम करना जिन्हें प्राप्त करना कठिन है और इस प्रकार निजी तौर पर किराए पर लिये गए आवास से संबंधित मुकदमेबाजी में कमी आएगी ।	2-3 वर्ष (क्योंकि ये चालू स्कीम हैं और सीपीडब्ल्यूबी द्वारा निर्धारित समय के अनुसार आऊटपुट और आऊटकम को सूचित करना व्यवहार्य नहीं होगा)	

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्देगिया/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
		आईटी और ई-गवर्नेंस स्कीम मंत्रालय (खास)- एनआईसी के सहयोग से सीजीडब्ल्यूबी में ई-गवर्नेंस के लिए वेब-आधारित वर्क फ्लो एप्लीकेशनों का विकास और संबंधित हार्डवेयर, साफ्टवेयर तथा सहायक सामग्री प्राप्त करना ।		संबद्ध हार्डवेयर, साफ्टवेयर तथा सहायक सामग्री के उपयोग के साथ सीजीडब्ल्यूबी के सभी कर्मचारियों के उपयोग के लिए प्रभावी वेब आधारित वर्क फ्लो एप्लीकेशनों का विकास करना ।	ई- ऑफिस के कार्यान्वयन से मंत्रालय के कार्यकरण में काफी परिवर्तन आएंगे तथा मंत्रालय में ई-गवर्नेंस कार्यकलापों, जबावदेही और पारदर्शिता को प्रोत्साहन मिलेगा जिसे मंत्रालय के अन्य संगठनों में भी कार्यान्वित किया जाएगा ।	2013-14 और 2014-15 के दौरान विकास और उपयोग किया जाएगा ।	
8	**नदी बेसिन प्रबंधन**		200.00				
क	**नदी बेसिन प्रबंधन**	संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प की पहचान करने और सभी पणधारियों की उम्मीदों को पूरा करने की दृष्टि से आवश्यक अध्ययन एवं मूल्यांकन आदि शुरू करने हेतु सभी सह-बेसिन राज्यों को एक मंच उपलब्ध कराने के प्रमुख उद्देश्य से नदी बेसिन संगठन स्थापित करने को प्रोत्साहन देना ।	1.00	महानदी एवं गोदावरी बेसिन के संबंधित बेसिन राज्यों से नदी बेसिन संगठन स्थापित करने के लिए कार्रवाई करने को कहा जाएगा ।	नदी बेसिन संगठन स्थापित करने के लिए बेसिन राज्यों की सहमति ।	क्रियाकलाप वर्ष भर जारी रहेंगे ।	
ख	जल संसाधन विकास स्कीम का अध्ययन	चालू परियोजनाओं अर्थात रूक्नी-सोनल, मानस संकोश तीस्ता संपर्क, वांगचू सूइनताले, कालेखोल, किरथाल, उङ्गा और राष्ट्रीय परियोजनाएं जिस्पा और बरसर और बारहवीं योजना में प्रस्ताव की गई नई परियोजनाएं तेवांत, डास, सुरू, तारामाचू, कालीखोला की डीपीआर तैयार करने के लिए सर्वेक्षण और जांच करना तथा सीतामढ़ी जिले में अधवारा नदी समूह की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना ।	90.00	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए सर्वेक्षण और जांच	डीपीआर तैयार करने के लिए परियोजना जांच की जाएगी ।	वित्तीय वर्ष के दौरान सीडब्ल्यूसी स्कीम का क्रियान्वयन करेगा ।	

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
		नदी संपर्क प्रस्तावों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के संबंध में सर्वेक्षण, क्षेत्रीय जांच से संबंधित कार्यकलाप करना तथा अंतर्राज्य संपर्क प्रस्तावों की पूर्व व्यवहार्यता रिपोर्ट/एफआर/डीपीआर तैयार करना तथा वे कार्य करना जो उपर्युक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक अनुपूरक अथवा आयोजक माने जाए ।		(क) निम्नलिखित की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए सर्वेक्षण एवं जांच करना 1. बेदती- वर्धा संपर्क 2. मानस-संकोश-तीस्ता-गंगा (एम-एस-टी-जी) 3. जोगीघोपा-तीस्ता-फरक्का (एम-एस-टी-जी का विकल्प) 4. सोन बांध- एसटीजी संपर्क 5. कोसी-घाघरा संपर्क 6.कोसी-मेची संपर्क 7. नेत्रावती-हेमावती संपर्क	सर्वेक्षण और जांच तथा इंटरलिंकिंग और इंट्रालिंक परियोजनाओं के संबंध में व्यवहार्यता रिपोर्ट, पीएफआर और डीपीआर तैयार करना ।	कर्नाटक सरकार द्वारा ईआईए अध्ययनों के लिए सहमत होने के पश्चात 2013-14 के दौरान बेदती-वर्धा संपर्क (क्र.सं. 1) के एफआर तैयार करने के लिए एनडब्ल्यूडीए कार्य को फिर से आरंभ और पूर्ण करेगा । हिमालयी संपर्क की एफआर (क्र.सं. 2 से 5) जिसमें अंतर्राष्ट्रीय आयाम शामिल है, जारी नहीं की । कोसी-मेची संपर्क (क्र.सं. 6) की एफआर के लिए कार्य नेपाल राज्य में एसऔर आई करने के लिए अनुमति प्राप्त होने के आरंभ की जाएगी । नेत्रावती-हेमावती संपर्क (क्र.सं. 7) की एफआर तैयार करने के लिए कार्य कर्नाटक सरकार से सहमति प्राप्त होने के बाद आरंभ किया जाएगा जिसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।	अपने क्षेत्रों में सर्वेक्षण और जांच करने के लिए नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों से अनुमति आवश्यक है । एनडब्ल्यूडीए जल संसाधन मंत्रालय के माध्यम से विदेश मंत्रालय के साथ इस मामले पर बात कर रहा है जिससे कि पड़ोसी देशों के साथ वार्ता शीघ्र की जा सके । इसको ध्यान में रखते हुए सभी हिमालयी संपर्कों के कार्य पूर्ण करने की तारीख निर्धारित नहीं की जा सकती है ।
				(ख) पार्वती-कालीसिंध-चंबल संपर्क और महानदी-गोदावरी-कृष्णा -पेन्नार-कावेरी-वैगई-गुंडार संपर्क प्रणाली की विस्तृकत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए संबंधित राज्यों में सहमति बनाने की प्रक्रिया चल रही है ।		पार्वती-कालीसिंध-चंबल संपर्क की डीपीआर तैयार करने के लिए त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु संबंधित राज्यों मध्य प्रदेश और राजस्थान की सहमति प्रदान करने के लिए जल संसाधन मंत्रालय/एनडब्ल्यूडीए द्वारा प्रयास किए जाएंगे । वर्ष 2013-14 के दौरान संबंधित राज्यों में महानदी-गोदावरी-कृष्णा-पेन्नार-कावेरी-वैगई-गुंडार संपर्क प्रणाली के लिए सहमति प्राप्त करने हेतु प्रयास किए जाएंगे।	
				(ग) सर्वेक्षण और जांच तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल संपर्क की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना		वर्ष के दौरान पार्वती-कालीसिंध-चंबल संपर्क की डीपीआर तैयार करने के लिए विविध कार्यकलाप/निर्माण कार्य आरंभ किए जाएंगे । बशर्ते की संबंधित राज्यों और केन्द्र सरकार में समझौता ज्ञापन पर आम सहमति हो जाए ।	

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्दगियां/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
				(घ) राज्य सरकारों द्वारा यथा प्रस्तावित अंतर-राज्य संपर्क प्रस्तावों की पूर्व व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना		विभिन्न 3 राज्यों में आवश्यक सूचना प्राप्त होने के पश्चात वर्ष के दौरान विविध गतिविधियां/ अंतर-राज्य संपर्कों की पीएफआर तैयार करने का कार्य जारी रहेगा तथा वर्ष 2013-14 के दौरान 6 पीएफआर पूर्ण कर ली जाएगी ।	
				(ङ.) केन-बेतवा संपर्क, पार-तापी-नर्मदा (पीटीएन) और दमनगंगा-पिंजाल संपर्कों का डीपीआर-पश्चात स्तर का कार्य		(i) एमओईएफ – योजना आयोग और सर्वोच्च न्यायालय से आवश्यक स्वीकृति लेने और सीडब्ल्यूसी/ राज्य सरकारों/अन्य केन्द्रीय एजेंसियों के साथ बैठकें करने, राज्यों/ केन्द्रीय एजेंसियों के टिप्पिणयों पर ध्यापन देने तथा परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए और कार्य विधियों का निर्धारण करने का कार्य वर्ष 2013-14 के दौरान जारी रहेगा ।	
				(च) हिमालयी संपर्कों की डीपीआर तैयार करना		हिमालयी घटक के अंतर्गत 2 संपर्कों के डीपीआर कार्य को भी वर्ष 2013-14 के दौरान आरंभ किया जाएगा ।	
				(छ) अंतर-राज्य संपर्कों की डीपीआर तैयार करना		महाराष्ट्र के वैनगंगा (गोसीखुर्द)-नलगंगा (पूर्णा) तापी संपर्क का कार्य और तमिलनाडु के पोन्नायार-पलार संपर्क का कार्य जारी रहेगा । एनडब्ल्यूडीए द्वारा 2 नए डीपीआर की तैयारी का कार्य आरंभ किया जाएगा ।	
ग	केन्द्रीय जल आयोग का पुनर्गठन	बेसिन स्तर के मुद्दों का अधिक व्यापक एवं समग्र प्रकार से समाधान करने और जलवायु परिवर्तन संबंधी मुद्दों का समाधान करने हेतु राष्ट्रीय जल मिशन (एनडब्ल्यूएम) के अंतर्गत जल संसाधन मंत्रालय/केन्द्रीय जल आयोग को सौंपी गई जिम्मेदारियां पूरी करने के लिए बेसिन स्तर पर फील्ड क्रियाकलापों में क्षैतिज विस्तार	9.00	"केन्द्रीय जल आयोग के पुनर्गठन" संबंधी स्कीम का अनुमोदन और पुनर्गठित केन्द्रीय जल आयोग के लिए पदों का सृजन । कार्यालयों/अवसंरचना को किराये पर लेने का कार्य आरंभ किया गया है।	केन्द्रीय जल आयोग के पुनर्गठन के कारण नए पदों के सृजन का अनुमोदन	क्रियाकलाप वर्ष भर जारी रहेंगे ।	

क्र.सं.	स्कीम का नाम/ कार्यक्रम	उद्देश्य/ परिणाम	वार्षिक योजना (2013-14)	मात्रात्मक सुपुर्दगियां/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय सीमा	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
